चयन समिति, जनपद न्यायालय, बदायूं।

विज्ञप्ति

माननीय उच्च न्यायालय,इलाहाबाद से प्राप्त परिपत्र संख्या 14/एडमिन. 'डी' सेक्शन दिनांकित 15.10.2022 एवं पूर्व में निर्गत परिपत्र संख्या 41/एडमिन. 'डी' सेक्शन दिनांकित 14.04.1980 के अनुपालन में जनपद न्यायालय, बदायूं से सेवानिवृत्त कर्मचारीगण में से ऐसे कर्मचारीगण जिनकी आयु 65 वर्ष पूर्ण न हुई हो, अधोलिखित तालिकानुसार रिक्त पदों पर पुनर्नियुक्ति की जानी है। यह नियुक्ति पूर्णतः अस्थाई होगी तथा एक वर्ष की अवधि तक के लिये (यदि पूर्व में ही समाप्त न कर दी जाये अथवा प्रोन्नति व सीधी भर्ती के माध्यम से भर्ती न हो जाय) की जायेगी।

पुनर्नियुक्ति, 65 वर्ष की अवस्था प्राप्त करने अथवा धारित पद माननीय उच्च न्यायालय के आदेशानुसार भरे जाने, जो भी पहले हो तक ही मान्य रहेगी।

पुनर्नियुक्त कर्मचारी को उसकी सेवानिवृत्ति के समय मिलने वाले वाले अन्तिम आहरित वेतन जिसमें से पेंशन की राशि काटकर मानदेय के रूप में देय होगा। अन्य भत्ते उत्तर प्रदेश शासन के यथासंशोधित आदेशों के अधीन प्रदान किये जायेगें।

आवेदक अपना आवेदन, आयु प्रमाण पत्र व स्वास्थ्यता प्रमाण पत्र के साथ दिनांक 22.11.2022 की सांय 04:00 बजे तक अध्यक्ष, चयन समिति/प्रथम अपर जिला जज, बदायूं के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित समय के पश्चात प्राप्त हुए आवेदनों पर विचार नहीं किया जायेगा।

आवेदक दिनांक 25.11.2022 को समय प्रातः 10 बजे अपने मूल प्रपत्रों साथ साक्षात्कार के लिए प्रशासनिक कार्यालय में उपस्थित रहेगें। साक्षात्कार के लिए अलग से कोई पत्राचार नहीं किया जायेगा और न ही कोई यात्रा भत्ता देय होगा।

जनपद न्यायालय, बदायूं में पुनर्नियुक्ति हेतु रिक्त पदों की विवरणी :–

कम संख्या	पदनाम	रिक्त पदों की संख्या
01.	आशुलिपिक	3
02.	कनिष्ठ सहायक	4
योग		7

विज्ञप्ति सार्वजनिक प्रदर्शन हेतु नोटिस बोर्ड पर चस्पा की जाय। कम्प्यूटर अनुभाग माननीय उच्च न्यायालय व जनपद न्यायालय, बदायूं की वेबसाइट पर अपलोड कराये।

जिला सूचना अधिकारी, बदायूं को लोकप्रिय हिन्दी दैनिक राष्ट्रीय व क्षेत्रीय समाचार पत्रों में निःशुल्क प्रकाशनार्थ प्रेषित हो।

07.11.2022

07.11.2022

अध्यक्ष, चयन समिति /
प्रथम अपर जिला जज,
बदायूं।

कार्यालय जनपद न्यायाधीश, बदायूँ।

<u>आवेदन-पत्र का प्रारूप</u>

आवेदन कर्ता का पासपोर्ट साइज हाल में खींचा हुआ स्वप्रमाणित फोटो

1. आवेदित पद का नामः... ... ...

2. अभ्यर्थी का नाम हिन्दी में:... ... ...

3. Name in English (In Capital Letters)...

4. पिता/पति का नामः... ... ...

5. जन्मतिथिः... ... ...

6. आयु आवेदन की तिथि परः... ... ...

7. सेवा-निवृत्ति की तिथिः... ... ...

8. स्थायी पताः... ... ...

....

9. पत्र व्यवहार का पताः... ... ...

....

10. ई-मेल आईडीः... ... ...

11. मोबाइल नं०-..

मैं प्रमाणित करता हूँ/करती हूँ कि उपरोक्त सभी सूचनाएं मेरे निजी जानकारी में सही सत्य हैं। यदि किसी भी समय उक्त सूचनाएं गलत या झूठी पाई गयी तो उसकी पूर्णरूपेण जिम्मेदारी मेरी स्वयं की होगी व इस संबंध में मेरे विरुद्ध की गयी कार्यवाही मुझे स्वीकार होगी। मैंने आवेदन संबंधी सभी नियम/शर्तों का अवलोकन कर लिया है तथा सभी मुझे स्वीकार हैं।

दिनाँक-

आवेदक का हस्ताक्षर